Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to develop various tourist planes in Balaghat.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट) : अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र बालाघाट के अंतर्गत सिवनी है, वहां पेंच कान्हा नेशनल पार्क है, जो पर्यटन की दृष्टि से बड़ा समृद्ध है । इस कोरोना काल में आपने देखा कि कोरोना के कारण पर्यटन एकदम से रुक गया था ।

महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में कोई भी ऐसी विधान सभा नहीं है, जिसमें पर्यटन के स्थल नहीं हैं । उदाहरण के तौर पर सिवनी के अंदर कव्हरगढ़ है, आष्टा में प्रसिद्ध काली जी का मंदिर है, लांजी विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत डोंगरगांव में पहाड़ी के अंदर झरना बहता है और वहां पर शिवजी की मूर्ति है । इसी तरह से रमरमा में पहाड़ पर भगवान रामचन्द्र जी का स्थान है । पूरे पहाड़ी क्षेत्र में एक से एक पर्यटन स्थल हैं । इन पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाए । लाखों की संख्या में प्रतिवर्ष काफी लोग आते हैं और इस कोरोना काल में सबसे ज्यादा लोगों ने इस स्थान का प्रयोग किया ।

मैं चाहता हूं कि वन विभाग वहां पर ईको टूरिज्म डेवलप करे और संस्कृति विभाग इसको डेवलप करके, मोदी जी की जो 'वोकल फॉर लोकल 'कल्पना है, उसके अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इन स्थानों को विकसित करें और जनता के लिए नए रास्ते खोलें ।